>

Title: Need to construct a dam on Dhadar and Tilaiya rivers in Nawada district, Bihar with a view to provide irrigational facilities in the region.

डॉ. भोला सिंह (नवादा): बिहार राज्य के नवादा जिलान्तर्गत हिसुआ एवं नरहट प्रखंडों के दो सौ गांवों की एक लाख की आबादी की जीविका तिलैया और ढाढ़र नदियों के जल से होने वाली सिंचाई पर ही निर्भर है। इन दो नदियों में डैम बनाकर सिंचाई की परियोजना का कार्यान्वयन अपेक्षित है। 1980-85 के मध्य केन्द्र सरकार के जल-संसाधन मंत्रालय ने योजना के प्राक्कलन बनाने का कदम उठाया था, पर उसका कार्यान्वयन नहीं हुआ। मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि वह ढाढ़र और तिलैया नदियों में डैम बनाकर सिंचाई परियोजनाओं का शीघ्रता शीघ्र कार्यान्वयन करे।